दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 15 फरवरी 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-137

## सीजेआई गोगोइ ने सुप्रीम कोर्ट के दो अधिकारी किए बर्खास्त

### अनिल अंबानी से जुड़े मामले के आदेश से की थी छेड़छाड़



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कोर्ट की अवमानना को लेकर रिलायंस कम्युनिकेशंस के चेयरमैन अनिल अंबानी पर सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश से छेड़छाड़ में शामिल दो अधिकारियों को सीजेआई रंजन गोगोई ने बर्खास्त कर दिया है.

जांच में सामने आया था सुप्रीम कोर्ट के दो असिस्टेंट रजिस्ट्रारों ने आदेश की कॉपी से छेड़छाड़ की थी. सीजेआई ने बुधवार को दोनों अधिकारियों को बर्खास्त करने का आदेश जारी किया.

इस मामले की शिकायत जस्टिस रोहिंगटन एफ नरीमन ने की थी. वह अनिल अंबानी के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई कर रहे थे. जस्टिस नरीमन ने शिकायत की थी कि अधिकारियों ने उनके स्टेटमेंट को शामिल किए बिना आदेश को सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया. मामले की जांच में दोनों अधिकारी दोषी पाए गए.

संविधान के अनुच्छेद 311 और सेक्शन 11(13) के तहत सीजेआई के पास विशेष अधिकार होता है कि विशिष्ट परिस्थितियों में वह किसी भी कर्मचारी को बिना किसी अनुशासनात्मक कार्रवाई के बर्खास्त कर सकते हैं. इस अधिकार का इस्तेमाल करते हुए सीजेआई ने दोनों अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया.

सुप्रीम कोर्ट में अंडरटेकिंग देने के बाद भी अनिल अंबानी ने एरिक्सन इंडिया का उधार नहीं चुकाया था. इस मामले में कोर्ट ने उन्हें अवमानना का नोटिस भेजा था.

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर 7 जनवरी को जो आदेश अपलोड किया गया उसमें लिखा कि कथित आरोपी की व्यक्तिगत उपस्थिति अनिवार्य नहीं है.

जबकि नियम यह है कि जिस भी व्यक्ति के खिलाफ कोर्ट अवमानना का नोटिस भेजता है उसे एक बार कोर्ट में प्रस्तुत होकर बाद की तारीखों में उपस्थित नहीं होने के लिए अनुमति लेनी होती है. जस्टिस नरीमन ने यह साफ किया था कि अंबानी की उपस्थिति अनिवार्य है.

जस्टिस नरीमन ने 10 जनवरी को अपने आदेश की सही कॉपी वेबसाइट पर अपलोड करवाई जिसमें लिखा था कि अंबानी का कोर्ट में पेश होना अनिवार्य है. इसके बाद जस्टिस नरीमन ने सीजेआई से इसकी शिकायत की और जांच के बाद सीजेआई ने मानव शर्मा और तपन कुमार चक्रवर्ती को सेवा से बर्खास्त कर दिया।

## गपुलिस-एंटी करप्शन ब्यूरो का अधिकार एलजी के पास: सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार बनाम एलजी मामले में सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस एके सीकरी की अगुवाई वाली बेंच ने अपना फैसला सुनाया है. इस फैसले से दिल्ली सरकार की उम्मीदों को झटका लगा है. सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस सहित एंटी करप्शन ब्यूरो का अधिकार केंद्र दिया है. ऐसे में इन्हें एलजी नियंत्रित करेंगे. जबकि जमीन, किसान और बिजली की दरें दिल्ली सरकार तय करेगी. किसी भी मतभेद की स्थिति में एलजी का फैसला सर्वोच्च रहेगा.



हालांकि सेवा के मुद्दे पर दोनों जस्टिस के बीच मतभेद रहा. जहां फैसला पढ़ते हुए जस्टिस सीकरी ने कहा कि संयुक्त सचिवों से ऊपर के पदों के तबादले और पोस्टिंग का फैसला एलजी करेंगे. जबकि अन्य पदों को दिल्ली सरकार नियंत्रित करेगी. वहीं जस्टिस भूषण का इस मुद्दे पर मतभेद रहा. ऐसे में पोस्टिंग और तबादले पर तीन सदस्यीय बैंच फैसला करेगी. इतना ही नहीं डीएएनआईसीएस मामले पर भी सीकरी ने कहा कि दिल्ली सरकार एलजी को फाइल भेजे. एलजी ही इसमें फैसला लेंगे. गौरतलब है कि दिल्ली सरकार की तरफ से पिछ्ले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया गया था. तब सुप्रीम कोर्ट ने अगले हफ्ते तक फैसला आने की उम्मीद जताई थी. इस फैसले के बाद दिल्ली सरकार और एलजी के बीच सर्विसेज, एंटी करप्शन ब्रांच आदि पर गतिरोध दूर हो सकता है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नारायणा में पेपर कार्ड की फैक्ट्री में आग

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** राजधानी दिल्ली के नारायणा में पेपर कार्ड बनाने वाली फैक्ट्री में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई. फैक्ट्री की सबसे ऊपरी मंजिल से आग की लपटें निकलती देख दमकल विभाग को सूचना दी गई. मौके पर दमकल की 23 गाड़ियां भेजी गई हैं. दमकल कर्मियों का कहना है कि आग काफी फैल चुकी है. हालांकि काबू पाने की कोशिशें लगातार चल रही हैं. मिली जानकारी के अनुसार इस फैक्ट्री में कार्ड, स्टेशनरी और परफ्यूम का काम होता है. आग लगने के बाद आसपास की बिल्डिंग भी खाली कर दी गई है. डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर राजेश पंवार का कहना है कि अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. आग सुबह 7 बजकर 17 मिनट पर लगी है. फैक्ट्री खुलने में अभी वक्त था लिहाजा कर्मचारी फैक्ट्री में नहीं आए थे. आग पर काबू पाने की कोशिशें जारी हैं. फैक्ट्री के काफी सामान के खाक होने की संभावना जताई जा रही है.

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत

**रायबरेली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के बछरावां क्षेत्र में गुरुवार को एक कार और ट्रक की भिड़ंत में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर भोर करीब साढ़े चार बजे यह हादसा उस समय हुआ जब एक विवाह समारोह से लौट रहे परिवार की कार कुंदनगंज के पास एक खड़े ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में कार सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक कानपुर के निवासी थे। इनकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### केंद्रीय मंत्री एस एस अहलूवालिया एम्स में भर्ती

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री एस एस अहलूवालिया को सांस लेने में दिक्कत होने की शिकायत के बाद बुधवार को यहां एम्स में भर्ती कराया गया। एम्स अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उनकी स्थिति स्थिर है और चिकित्सकों की एक टीम उनकी स्थिति पर नजर बनाये हुए हैं। मंत्री के एक सहयोगी ने कहा, ''आठ फरवरी को जलपाईगुड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में शामिल होकर लौटने पर मंत्री को तेज बुखार और फ्लू जैसे लक्षणों के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आज उनकी स्थिति बिगड़ने पर उन्हें विशेषीकृत इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया।'' सूत्रों ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री अहलूवालिया ने सांस लेने में परेशानी और बेचैनी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों की एक टीम उनकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

### एसआरसीसी कार्यक्रम में वक्ताओं की सूची में से हटाया गया आलोक वर्मा का नाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीबीआई के पूर्व निदेशक आलोक वर्मा का नाम दिल्ली के प्रतिष्ठित श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) स्टूडेंट्स यूनियन बिजनेस कॉन्क्लेव 2019 के वक्ताओं की सूची में से हटा दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा जांच एजेंसी के निदेशक के तौर पर उन्हें बहाल किए जाने के एक दिन बाद नौ जनवरी को उनको एक आमंत्रण भेजा गया था और कल होने वाले कार्यक्रम के दौरान भाषण देने का आग्रह किया गया था। अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, न्यायमूर्ति ए के सिकरी और लोकसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने उन्हें सीबीआई निदेशक के पद से स्थानांतरित करने का फैसला किया था। हालांकि खड़गे ने इस पर अपनी कड़ी असहमति दर्ज करायी थी।

## स्कूल के बाहर मिला आईईडी बम



**इंफाल(आरएनएस)।** मणिपुर के इंफाल के कांचीपुर में एक स्कूल के बाहर आईईडी बम मिलने की सूचना है. घटना की सूचना पाकर मौके पर सुरक्षा बल पहुंच गए हैं. जम्मू-कश्मीर में बुधवार को हुए ब्लास्ट के बाद इस मामले को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है. सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और बम को नष्ट करने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं.

जानकारी के मुताबिक मणिपुर के इंफाल के कांचीपुर में जब लोग अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे थे तभी उनकी नजर स्कूल के गेट के पास रखे एक बॉक्स पर पड़ी. जांच में पाया गया है कि बॉक्स में आईईडी बम रखा था. मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को खाली करा दिया गया है. सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और बम को नष्ट करने की कोशिशें तेज कर दी गई हैं.

गौरतलब है कि पुलवामा के काकपोरा इलाके में बुधवार को एक स्कूल के अंदर ब्लास्ट हुआ था. ब्लास्ट में कम से कम 10 बच्चे जख्मी हुए थे. घायल बच्चों को पुलवामा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए थे. फिलहाल ब्लास्ट के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है.

## पुलवामा में स्कूल के अंदर धमाका, कम से कम 10 बच्चे घायल


**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक निजी स्कूल के अंदर धमाके की खबर आ रही है. खबरों के मुताबिक पुलवामा के काकपोरा इलाके में एक स्कूल के अंदर ब्लास्ट हुआ. ब्लास्ट में कम से कम 10 बच्चे जख्मी हुए हैं. मौके पर पुलिस और एंबुलेंस की गाड़ियां पहुंच गई हैं.

घायल बच्चों को पुलवामा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है. घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षाबल और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच चुके हैं.

## पति के खिलाफ किन्नर पहुंची महिला आयोग

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पति के खिलाफ शिकायत लेकर एक किन्नर दिल्ली महिला आयोग पहुंची. जहां उसने पति पर मारपीट करने और दूसरी शादी करने का आरोप लगाया. आलिया (नाम परिवर्तित) किन्नर ने शिकायत में कहा कि वह चार साल से एक आदमी के साथ संबंध में थी और दो साल पहले दोनों ने शादी कर ली. लेकिन शादी के तीन महीने के बाद आलिया को पता चला कि उसके पति ने फिर से शादी कर ली है. जब उसने इसका विरोध किया तो उसके पति ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया.

### पुलिस को भेजा नोटिस



पति की शिकायत लेकर जब आलिया दिल्ली पुलिस के पास पहुंची तो वहां से भी उसे भगा दिया गया और शिकायत दर्ज नहीं की गई. किन्नर आलिया ने बताया कि उसके पति ने उसे इतना पीटा कि उसे अस्पताल में भर्ती होना पड़ा. पति के परिवार की ओर से भी उसे लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं. आलिया ने आपनी शादी के सभी कागज़ात आयोग को दिखाए.

इसके बाद दिल्ली महिला आयोग ने किन्नर की मदद की और तुरंत नन्द नगरी थाने के एसएचओ को नोटिस भेजकर एफआईआर दर्ज करने को कहा. इतना ही नहीं आयोग ने दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शिकायतकर्ता को उसके पति के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाने के लिए मुफ्त सरकारी वकील भी मुहैया कराया. इस बारे में आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाल ने कहा, किन्नर समाज हमारे समाज का सबसे ज्यादा उपेक्षित और प्रताड़ित वर्ग है.

## राफेल की डिलीवरी में लग सकते हैं सात साल

### कैग रिपोर्ट ने दिए संकेत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कैग की रिपोर्ट में संकेत है कि राफेल विमानों की डिलीवरी में सात साल से भी अधिक की देरी हो सकती है. रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि 36 राफेल फाइटर जेट की सीधे तौर पर खरीद की जाएगी. अपनी रिपोर्ट में कैग ने ये भी कहा कि यूपीए सरकार के समय में साइन किए गए भारत व फ्रांस के बीच की डील में डिलीवरी के समय में सिर्फ एक महीने का ही सुधार हुआ है.

हालांकि, राफेल पर बातचीत के लिए बनी भारतीय टीम को इस बात की चिंता थी कि क्या इस वक्त तक भी इसकी डिलीवरी हो पाएगी? दरअसल, सौदे के वक्त राफेल का निर्माण करने वाली दसॉ एविएशन के पास पहले से ही 83 एयरक्राफ्ट्स बनाने और डिलीवरी करने का काम बाकी था. इस वक्त कंपनी लगभग 11 एयरक्राफ्ट हर साल बना पाती है. इस हिसाब से देखा जाए तो इसे ही पूरा करने में लगभग सात साल से ज्यादा का समय लग जाएगा.

जब कैग ने इस बारे में रक्षा मंत्रालय से पूछा तो जवाब मिला कि प्रोजेक्ट अभी शिड्यूल में है और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टीम व इंटर-गवर्मनमेंटल बाइलैटरल हाई लेबल ग्रुप इस पर बातचीत कर रहे हैं.

हालांकि ये बात सार्वजनिक नहीं की गई है कि अगर दसॉ समय पर राफेल की डिलीवरी नहीं कर पाता तो क्या उसके ऊपर कोई पेनल्टी लगाई जाएगी. लेकिन एक बात तो कैग रिपोर्ट से स्पष्ट है कि बैंक और गारंटी के जो क्लॉज़ दसॉ के 2007 के प्रस्ताव में रहे हैं उन्हें एनडीए सरकार ने 2015 में खत्म कर दिया था.

भारत सरकार ने पूरी तरह से फ्रांस में बने राफेल को खरीदने का फैसला करने के बाद अपने ही मेक इन इंडिया प्रोग्राम को ताक पर रख दिया है. लेकिन, सरकार का इसमें कहना है कि इससे राफेल की डिलीवरी जल्दी हो जाएगी.

## कल छत्तीसगढ़ आऐंगे राहुल गांधी



**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी 16 फरवरी शनिवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वे बस्तर के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे बस्तर में लोहंडीगुड़ा किसानों के जमीन वापसी कार्यक्रम में शामिल होंगे। जहां वे टाटा कंपनी द्वारा अधिग्रहित भूमि के विस्थापितों को 4000 एकड़ से अधिक जमीन वापस करेंगे।

## पंजाब, हरियाणा समेत कई राज्यों में बारिश के साथ ओलावृष्टि की संभावना

### मौसम विभाग की चेतावनी



**लुधियाना (आरएनएस)।** हिमाचल में हो रही बर्फबारी ने पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ा दी है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेंत कई राज्यों में रूक रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने की आशंका जताई है।

लुधियाना स्थित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग की प्रमुख प्रभजोत कौर ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार, एक नई पश्चिमी हवा उत्तर भारत की ओर पहुंच रही है। अगले 24-48 घंटों के दौरान भारी बारिश और ओलावृष्टि की आशंका है। जिसके कारण फसलें प्रभावित हो सकती है। बता दें कि पिछ्ले दिनों भी उत्तर भारत के कई इलाकों में बारिश और ओलावृष्टि हुई थी। जिसने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया था।

## तीसरा भारत-जर्मन पर्यावरण सम्मेलन उद्घाटित

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तीसरा भारत-जर्मन पर्यावरण सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। 'स्वच्छ वायु, हरित अर्थव्यवस्था' इसका मूल विषय है। एक दिन के इस कार्यक्रम में सामूहिक विचार-विमर्श और समानान्तर अधिवेशनों के माध्यम से वायु प्रदूषण नियंत्रण, कचरा प्रबंधन की चुनौतियों, समाधानों और आवश्यक कार्यक्रमों के साथ-साथ क्रमशः पेरिस समझौते तथा संयुक्त राष्ट्र का एजेंडा 2030 पर आधारित एनडीसी और एसडीजी के कार्यान्वयन पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्घाटन करते हुए, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच पिछ्ले 60 वर्षों से काफी सहयोग कायम रहा है, जो प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, शहरी पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन तथा हरित प्रौद्योगिकीयों जैसे क्षेत्रों से जुड़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत और जर्मनी के बीच द्विपक्षीय संबंध एक साझा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर आधारित हैं और द्विपक्षीय तथा वैश्विक, दोनों ही संदर्भों में जर्मनी भारत के सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में शामिल है। डॉ. वर्धन ने कहा, 'भारत के विकास की कहानी 5 पी यानी पीपल, प्लेनेट, प्रोस्पेरिटी, पीस और पार्टनरशिप पर जोर देती है।

## साधु-संतों संग बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह ने लगाई संगम में डुबकी



**प्रयागराज (आरएनएस)।** कुंभ पहुंचे बीजेपी के राष्टीय अध्यक्ष अमित शाह ने बुधवार को गंगा, यमुना और सरस्वती की पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई. अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कई अखाड़ों के साधु-संतों ने भी स्नान किया. अमित शाह के साथ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महंत नरेन्द्र गिरी, महंत हरिगिरी, जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद गिरी सहित कई साधु संतों ने स्नान किया.

स्नान के बाद अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या और सभी 13 अखाड़ों के साधु-संतों के साथ गंगा आरती भी की. अमित शाह का यह दौरा काफी अहम माना जा रहा है. लोकसभा चुनाव से पहले अमित शाह पार्टी के लिए साधु-संतों का समर्थन हासिल करेंगे.

## 16वीं लोकसभा के समय में बढ़ा भारत का मान, बने भ्रष्टाचार व कालाधन के खिलाफ कानून : मोदी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 16वीं लोकसभा के समय दुनिया में भारत का मान बढ़ा तथा सदन ने भ्रष्टाचार और कालाधन के खिलाफ कानून बनाने के साथ 1400 से ज्यादा अप्रासंगिक हो चुके पुराने कानूनों को समाप्त भी किया।

मोदी ने 16वीं लोकसभा की अंतिम बैठक में लोकसभा अध्यक्ष और सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुये कहा कि आज देश छठी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के दरवाजे पर है। देश का आत्मविश्वास बढ़ा है। इस सदन ने जिस गति से निर्णय प्रक्रिया को आगे बढ़ाया उसकी इसमें बड़ी भूमिका रही है।

उन्होंने कहा कि करीब तीन दशक बाद देश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है और आजादी के बाद पहली बार ऐसी सरकार बनी है जो कांग्रेस गोत्र वाली नहीं है। आज दुनिया में भारत का मान बढ़ा है और इसका कारण देश में पूर्ण बहुमत वाली सरकार का होना है। प्रधानमंत्री ने कहा वैश्विक मंच पर भी भारत को सुना जाता है। वास्तविकता यह है कि दुनिया पूर्ण बहुमत वाली सरकार को मानती है। ...इसका पूरा यश 2014 के उस निर्णय को जाता है। पिछ्ले 30 साल इसकी कमी खली थी।